**Fourteenth Loksabha**

**Session : 9**
**Date : 04-12-2006**

**Participants : Hussain Shri Syed Shahnawaz**

an>

Title: Situation arising out of accident at Bhagalpur Railway station.

*m01

**श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन (भागलपुर) :** अध्यक्ष महोदय, हावड़ा-जमालपुर एक्सप्रेस रेल दुर्घटना के बारे में रेल मंत्री जी ने विवरण दिया है। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। इस दुर्घटना में 37 लोग मारे गए और यह हमारे लिए दुर्भाग्य की बात है कि उनमें से 30 से ज्यादा लोग हमारे क्षेत्र के हैं। हम किसी प्रकार का आरोप-प्रत्यारोप नहीं करना चाहते हैं। मैं रेल मंत्री जी की बहुत इज्जत करता हूं। उन्होंने स्वयं कहा है कि वे एक नम्बर के मंत्री हैं। उस दिन चुनाव प्रचार के दौरान वे भी कठिहार में थे और मैं भी कठिहार में था। रेल मंत्री जी से मैं अपेक्षा करता था, क्योंकि मैं उस क्षेत्र का सांसद हूं और रेल मंत्री होने के नाते उनका कर्तव्य था कि वे दुर्घटना स्थल पर पहुंचते, लेकिन रेल मंत्री जी ने उस दिन राजनेता का धर्म ज्यादा निभाया और रेल मंत्री का धर्म कम निभाया। उस वक्त रेल मंत्री जी समय पर पहुंचते, तो बहुत से लोगों की जानें बचाई जा सकती थीं।

MR. SPEAKER: If you want, we can have a discussion on this.

… (*Interruptions*)

**श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन :** मैं रेल मंत्री जी की बहुत इज्जत करता हूं।…(व्यवधान)

MR. SPEAKER: I am allowing him to speak. You need not come in his support.

… (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: I am allowing him. Why are you trying to intervene?

… (*Interruptions*)

**श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन :** महोदय, मैं भागलपुर के लोगों का दर्द आपके माध्यम से सदन के सामने रख रहा हूं। मैं वहां करीब साढ़े ग्यारह बजे पहुंच गया था। रेलवे का कोई भी अधिकारी वहां मौजूद नहीं था। रेलवे की जो बचाव कार्य के लिए ट्रेन है, वह भी तीन बजे के बाद आई। जब पूरा पुल तोड़ा जा रहा था, तब मजदूरों ने मना किया कि यहां से गाड़ी क्रास मत कराइए। लेकिन वहां जो इंजीनियर मौजूद था, उसने गाड़ी क्रास करा दी और बहुत बड़ा टुकड़ा उसके ऊपर गिर गया। यह कोई हादसा नहीं है, यह हत्या है। वहां के लोगों की हत्या हुई है। हमारे क्षेत्र के गरीब लोग, एनसीसी के केडेट और दूसरे लोग भी वहां से ट्रेन पकड़ते हैं। आज रेल मंत्री जी ने मुआवजा देने की बात कही है, लेकिन रेल के अधिकारी उनका टिकट तलाश रहे हैं। वे जरनल टिकट ले कर ट्रेन में चढ़े थे और उनका रिजर्वेशन चार्ट में नाम तलाशा जा रहा है।

अध्यक्ष महोदय, बिहार में अस्पतालों की हालत बहुत अच्छी हो गई है। भागलपुर में बिहार सरकार का अस्पताल था, इससे लोगों का कैट स्कैन समय पर हुआ और बहुत से लोगों की जान बच गई, लेकिन वहां पर गैस कटर समय पर नहीं पहुंचा। महोदय, मैं गलत बयानी नहीं करूंगा, हम एक प्राइवेट आदमी से गैस कटर ले कर आए, जो पंट्रोल पंप के लिए उसने मंगाया था। उससे बोगी काटी गई। अगर रेल मंत्री जी समय पर गैस कटर पहुंचा देते, तो बहुत से लोगों की जान बचाई जा सकती थी। मैं आपके जरिए कहना चाहता हूं कि रेल मंत्री जी वहां पहुंचे, मैं वहां का सांसद हूं, मुझे भी सूचना मिलती तो मैं भी इनके साथ घटना स्थल पर जाता। इसमें राजनीति करने का कोई इरादा नहीं है। मैं चार घंटे अस्पताल में बैठा रहा।…(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** आप बैठ जाइए।

...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Nothing will be recorded except what Shri Shahnawaz Hussain speaks.

*(Interruptions)** ...

**श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन :** अध्यक्ष महोदय, मैं बहुत अदब से कह रहा हूं।...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** आप बैठ जाइए।

...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** आप लोग बैठ जाइए।

...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Please sit down.

… (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: I am asking him to sit down. Why are you getting up?

… (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: No, I will not tolerate this. Shri Ram Kripal Yadav, you must take your seat.

… (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Take your seat. Will you take your seat or not?

… (*Interruptions*)

---

* Not recorded

MR. SPEAKER: Will you take your seat?

… (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: I am prepared to ….

… (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: I will adjourn this House. I do not think….

… (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Let the people of this country see what is happening inside!

… (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Most condemnable behaviour!

… (*Interruptions*)

**श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन :** अध्यक्ष महोदय, मैं रेल मंत्री जी की बहुत इज्जत करता हूं। इस घटना के बाद वहां दो छोटे अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया गया।…(व्यवधान)

MR. SPEAKER: If you want a full discussion, I am prepared to give it. On a matter like this, you cannot go on raising the entire matter.

… (*Interruptions*)

**श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन :** मैं चाहता हूं कि रेल मंत्री को इस दुर्घटना की जिम्मेदारी लेते हुए स्वयं इस्तीफा दे देना चाहिए, न कि छोटे अधिकारियों पर कार्यवाही करें। …(व्यवधान)

MR. SPEAKER: You are occupying a seat not belonging to you. Do not stand there.

… (*Interruptions*)

**श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन :** मंत्री जी बारह घंटे बाद घटना स्थल पर पहुंचे। वहां एक पुल नहीं है, 150 साल पुराने भागलपुर में 15 पुल हैं। वहां से ट्रेन बंगाल जाती है और बंगाल के बहुत से लोग रेल के माध्यम से सफर करते हैं।…(व्यवधान)[MSOffice2] उन पुलों को तुरन्त बनाने की घोाणा करनी चाहिए और इस दुर्घटना की जिम्मेदारी खुद रेल मंत्री को लेनी चाहिए। …(व्यवधान)

MR. SPEAKER: What are you doing? Please sit down.

… (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Only the matter being raised by Shri Shailendra Kumar should be recorded. Nothing else will be recorded.

*(Interruptions)* …*

**<u>12.16 hrs</u>**

(*At this stage, Shri Ashok Pradhan and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.*)

**श्री शैलेन्द्र कुमार (चायल):** अध्यक्ष महोदय, कल ही हमने विश्व विकलांग दिवस मनाया है। …(व्यवधान)

SHRI BASU DEB ACHARIA (BANKURA): Sir, they will not allow us to raise our issue.

… (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Mr. Acharia, please take your seat. Nothing is being recorded.

*(Interruptions)** ...